**बिहार सरकार**
**<u>खेल विभाग</u>**

**:— संकल्प :—**

**सं० संख्या—1/खेल 1—28/2024 (पार्ट)3808/पटना, दिनांक—02/09.2025**

**विषयः—** **पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण हेतु पुनपुन अंचल के राजस्व ग्राम डुमरी में 100 (सौ) एकड़ भूमि अधिग्रहण हेतु कुल ₹5,74,33,90,125/— (पाँच सौ चौहत्तर करोड़ तैंतीस लाख नब्बे हजार एक सौ पच्चीस रूपये) मात्र के स्वीकृति एवं राशि के बजटीय उपबंध के संबंध में।**

पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण हेतु पुनपुन अंचल के राजस्व ग्राम डुमरी में भूमि अधिग्रहण हेतु रकबा—100 एकड़ भूखंड चिन्हित किया गया है।

2. राज्य के सभी प्रमंडलीय मुख्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल अवसंरचनाओं के निर्माण हेतु मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक—15.03.2024 को मद संख्या—79 में सैद्धांतिक सहमति प्राप्त है।

3. उक्त के आलोक में पटना प्रमंडलीय मुख्यालयों में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय/राज्य/स्थानीय स्तर पर प्रचलित खेल विद्या को दृष्टिगत रखते हुए मौजूद आधारभूत खेल संरचना को विकसित करने अथवा नये सिरे से 100 (सौ) एकड़ भूमि अधिगृहित कर खेल संबंधी आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित खेल अवसंरचनाओं का निर्माण किया जायेगाः—

(क) कुल 100 (सौ) एकड़ भूमि में से पाँच—पाँच एकड़ की दो भू—खण्ड राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय स्तर के आवासन/होटल निर्माण हेतु चिन्हित् किया जाएगा।

(ख) 100 (सौ) एकड़ भूमि में से पाँच एकड़ भू—खण्ड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निर्माण हेतु चिन्हित् किया जाएगा।

(ग) उक्त स्थल पर राष्ट्रीय/एशियन एवं अन्य गेम्स के स्तर के खेल आयोजन योग्य अवसंरचनाओं का निर्माण किया जाएगा।

(घ) खिलाड़ियों के आवासन/प्रशिक्षण की सुविधा हेतु खेल गाँव विकसित किया जाएगा।

उक्त खेल अवसंरचनाओं के निर्माण से पूरे राज्य में खेल का माहौल विकसित होगा।

CamScanner

4. पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण हेतु पुनपुन अंचल के राजस्व ग्राम डुमरी में 100 (सौ) एकड़ भूमि अधिग्रहण पर राशि कुल ₹5,74,33,90,125/– (पाँच सौ चौहत्तर करोड़ तैंतीस लाख नब्बे हजार एक सौ पच्चीस रूपये) मात्र व्यय होने का अनुमान है।

5. पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण हेतु पुनपुन अंचल के राजस्व ग्राम डुमरी में 100 (सौ) एकड़ भूमि अधिग्रहण करने हेतु कुल ₹5,74,33,90,125/– (पाँच सौ चौहत्तर करोड़ तैंतीस लाख नब्बे हजार एक सौ पच्चीस रूपये) मात्र की राशि की स्वीकृति एवं उक्त राशि के बजटीय उपबंध हेतु स्वीकृति प्रदान किया गया है।

6. उक्त राशि का वहन वित्तीय वर्ष 2025–26 एवं बाद के वित्तीय वर्षो में मांग संख्या–03 के बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय 60–अन्य भवन 051–निर्माण 0106, 0101, 0104–स्टेडियम एवं खेल अवसंरचना विपत्र कोड–03–4059600510106, 03–4059607890101, 03–4059607960104 विषय शीर्ष 53–02 भू–अर्जन के अंतर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगी।

7. उपरोक्त पर दिनांक–02.09.2025 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद सं०–05 में स्वीकृति प्राप्त है।

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी हेतु बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित कराया जाय और इसकी प्रति सभी संबंधित विभाग/पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी जाय।**

2/9/25

(निरंजन कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–1/खेल 1–28/2024(पार्ट) 3808 /पटना, दिनांक–02/09 2025

प्रतिलिपि :–अवर सचिव, ई–गजट कोषांग, गजट, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना–80007 को राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि इस संकल्प की 500 प्रतियाँ इस विभाग में भेजने की कृपा की जाय।

2/9/25

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–1/खेल 1–28/2024(पार्ट) 3808 /पटना, दिनांक–02/09 2025

प्रतिलिपि :–महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचंद पटेल पथ, पटना/महालेखाकार (लेखा परीक्षक), बिहार वीरचंद पटेल पथ, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/9/25

सरकार के संयुक्त सचिव।

CamScanner

ज्ञापांक–1/खेल 1–28/2024(पार्ट) 3808 /पटना, दिनांक–02/09/2025

प्रतिलिपि :–मुख्य सचिव, बिहार/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना/सभी प्रमंडलीय उप निदेशक, शारीरिक शिक्षा/सभी जिला खेल पदाधिकारी/सभी जिला अधीक्षक/उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा एवं संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/9/25

सरकार के संयुक्त सचिव।

CamScanner